# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–22 जनवरी 2025 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में प्रयागराज महाकुंभनगर के त्रिवेणी संकुल में प्रदेश सरकार की आज विशेष कैबिनेट बैठक हुई । इस दौरान जनकल्याण और प्रदेश की प्रगति के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बैठक के दौरान सरकार ने पब्लिक–प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत हाथरस, बागपत और कासगंज में मेडिकल कॉलेजों के निर्माण को मंजूरी दी है।

उन्होंने कहा कि प्रयागराज, वाराणसी और आगरा नगर निगमों के लिए नगर निगम बांड जारी करने का भी फैसला लिया गया है। इन बांडों से इन शहरों में शहरी बुनियादी ढांचे को बढ़ाने और सतत विकास सुनिश्चित में मदद मिलेगी।

***प्रदेश के अंदर एक अभियोजन डायरेक्टरेट की घोषणा की भी व्यवस्था मंत्री परिषद ने उसकी सहमति दी है और प्रयागराज वाराणसी और आगरा यह जो म्युनिसिपल कॉरपोरेशन है हमारे इन तीन महत्वपूर्ण म्युनिसिपल कॉरपोरेशन में तीनों के बॉन्ड जारी होंगे हम अभी तक हम लोगों ने लखनऊ और गाजियाबाद के बॉन्ड जारी किए थे इसके बहुत अच्छे रिजल्ट सामने आए हैं यह म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के ब्रांडिंग करने का उसके विकास को आगे बढ़ने का महत्वपूर्ण माध्यम होता है।***

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रयागराज से पड़ोसी जिलों और अन्य क्षेत्रों तक कनेक्टिविटी बढ़ाने से संबंधित परियोजनाओं की भी घोषणा की। इसके बाद मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई और पूजा अर्चना की। संगम स्नान के बाद सभी मंत्रियों ने आरती भी की।

वर्ष दो हजार उन्नीस में कुंभ मेले के दौरान भी मुख्यमंत्री ने अपने मंत्रियों, अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि और अन्य संतों के साथ त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई थी।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने मथुरा में श्री कृष्ण जन्मभूमि–शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामलें में, शाही ईदगाह मस्जिद के निरीक्षण के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश पर अंतरिम स्थगन की अवधि बढा दी है। यह निरीक्षण अदालत द्वारा नियुक्त कमिश्नर द्वारा किया जाना है। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना के नेतृत्व वाली पीठ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली मस्जिद समिति की अपील पर यह निर्णय लिया।

**********

अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरे होने पर आज श्रद्धालुओं का जनसैलाब अपने आराध्य के दर्शन को उमड़ पड़ा। एक रिपोर्ट

**अंग्रेजी कैलेण्डर के अनुसार आज श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा का दिन है, ऐसा मानने वाले आज बड़ी संख्या में अपने आराध्य का दर्शन करने पहुंचे हैं। इनमें अनेक ऐसे भी हैं जो बीती 22 जनवरी को अयोध्या में थे। उसी पल को जीने के लिए वे फिर रामनगरी में हैं। यद्यपि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र पंचांग की तिथि के अनुसार ग्यारह जनवरी को ही त्रिदिवसीय प्रतिष्ठा द्वादशी का आयोजन कर चुका है, किन्तु अंग्रेजी कैलेण्डर के अनुसार जीवन की सारी गतिविधियों का लेखा–जोखा करने वाले आज उस 22 जनवरी के आध्यात्मिक और धर्म वैभव को पुनः प्राप्त करने अयोध्या में हैं। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।**

**********

बेटी बचाओ–बेटी पढाओ अभियान के दस वर्ष पूरे होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश वासियों को बधाई दी है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मातृशक्ति के सपनों तथा आकांक्षाओं को नई उड़ान प्रदान करती यह पहल विकसित भारत–आत्मनिर्भर भारत–सर्वसमावेशी भारत के निर्माण की मजबूत आधारशिला है। समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी ने इस मुहिम को जन–आंदोलन में बदल दिया है।

**********

प्रदेश के कई जिलों समेत जिले कुशीनगर जिले में 26 जनवरी से लागू होने जा रहे नो हेल्मेट– नो फ्यूल अभियान के तहत आज कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। बैठक में आज से 25 जनवरी तक हेलमेट नहीं लगाने वाले दो पहिया वाहन चालकों को चेतावनी के साथ पेट्रोल देने का निर्देश दिया गया। 26 जनवरी से बिना हेलमेट किसी को भी पेट्रोल नहीं दिया जाएगा। साथ ही मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई भी की जाएगी।

**********

पूर्वी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज कोहरा और आसमान में बादल छाए रहने की वजह से जन जीवन प्रभावित हुआ। तापमान में गिरावट की वजह से ठंड के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। कोहरे का असर रेलवे, हवाई सेवा और रोडवेज बसों की सेवाओं पर भी रहा। पूर्वोत्तर रेलवे की कई प्रमुख ट्रेन अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं। मौसम विज्ञान ने आज और कल भी पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में घना कोहरा पड़ने की संभावना व्यक्त की है।

**********